<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 4295

04 अप्रैल, 2018 को उत्तर के लिए

'सेल' की अलाभकारी इकाइयों को लाभकारी बनाने हेतु योजना

4295. श्री संजय सिंहः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'सेल' की सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों एवं सहयोगी कंपनियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उनमें से कितने प्रतिष्ठान लाभार्जन कर रहे हैं तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक कंपनी के वित्तीय निष्पादन का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार अलाभकारी कंपनियों को लाभकारी बनाने हेतु कोई कदम उठाने का विचार कर रही है, यदि हां, तो उपरोक्त कार्य के पूरे होने की संभावित समय-सीमा सहित किए गए सभी उपायों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): दिनांक 31.03.2017 के अनुसार सेल के पास 23 संयुक्त उद्यम कंपनियाँ, 5 सहायक कंपनियाँ और 1 सहयोगी कंपनी है।

(ख): दिनांक 31.03.2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कंपनियों के वार्षिक लेखों के आधार पर 6 कंपनियाँ लाभ में हैं। विगत तीन वर्षों के लिए प्रत्येक कंपनी का वित्तीय निष्पादन **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

(ग): जून, 2017 में की गई विस्तृत समीक्षा के पश्चात् यह निर्णय लिया गया है कि सेल हानि अर्जित करने वाले 12 संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों को बंद कर देगा या छोड़ देगा। यह उन 4 संयुक्त उद्यम कंपनियों और 3 सहायक कंपनियों के अतिरिक्त है, जिन्हें बंद करने के लिए पहले ही अनुमोदन दिया जा चुका है। शेष 4 कंपनियों में से 2 कंपनियाँ परियोजना/व्यवहार्यता अध्ययन की अवस्था में हैं। शेष दो कंपनियों को लाभकारी बनाना है। एक को वर्ष 2018-19 में लाभकारी बनाना और दूसरी कंपनी को वर्ष 2018-19 में न लाभ-न हानि की स्थिति में लाकर तत्पश्चात् लाभकारी बनाना है।

****

अनुलग्नक

(राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4295 दिनांक 04.04.2018)

पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक कंपनी का वित्तीय निष्पादन (राज्य-वार):

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	प्रकार	संयुक्त उद्यम/सहायक/सहयोगी	शुद्ध लाभ/हानि			व्यापार का स्थान / प्रस्तावित स्थान
			2016-17	2015-16	2014-15	
1	जेवी	एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी प्राइवेट लि.	388.87	251.96	133.72	छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा
2	जेवी	एमजंक्शन सर्विस लिमिटेड	37.75	43.04	21.24	ई-कॉमर्स, पैन इंडिया
3	जेवी	सेल मॉयल फैरो अलॉय प्राइवेट लि.	-0.37	-0.42	-0.19	छत्तीसगढ़
4	जेवी	इंटरनेशनल कोल वेन्चर प्राइवेट लिमिटेड	-67.33	-433.56	-	अंतर्राष्ट्रीय
5	जेवी	सेल एससीआई शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड	-	-	-	पैन इंडिया - बंद किया जाना है।
6	जेवी	सेल एससीएल केरल लिमिटेड	-12.46	-14.15	-3.30	केरल
7	जेवी	सेल कोबे आयरन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	-	-	-	पश्चिम बंगाल
8	जेवी	एस एंड टी माइनिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	-2.63	-4.16	-2.13	झारखंड
9	जेवी	सेल राइट्स बंगाल वेगन इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड	-12.97	-5.48	0.09	पश्चिम बंगाल
10	जेवी	सेल बंगाल अलॉय कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड	-0.01	-0.01	-	पश्चिम बंगाल
11	जेवी	बोकारो पावर सप्लाई कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	78.54	99.21	26.35	झारखंड
12	जेवी	भिलाई जेपी सीमेंट लिमिटेड	-68.73	-80.54	-10.20	छत्तीसगढ़
13	जेवी	वीएसएल सेल जेवीसी लिमिटेड	-	-	-	मध्य प्रदेश
14	जेवी	अभिनव सेल जेवीसी लिमिटेड	-0.07	-0.05	-0.02	मध्य प्रदेश
15	जेवी	प्राइम गोल्ड सेल जेवीसी लिमिटेड	4.12	-5.90	-	मध्य प्रदेश
16	जेवी	सेल बंसल सर्विस सेंटर लिमिटेड	-0.39	-0.83	-	झारखंड
17	जेवी	टीएमटी एसएएल सेल जेवी लिमिटेड	-	-	-0.01	उत्तर प्रदेश
18	जेवी	एसएएल सेल जेवीसी लिमिटेड	-0.01	-0.01	-	उत्तर प्रदेश
19	जेवी *	एनएमडीसी सेल लिमिटेड	-0.01	लागू नहीं		छत्तीसगढ़
20	जेवी *	बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड	-0.09			छत्तीसगढ़
21	जेवी	यूईसी सेल इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड	-	-	-	बंद किया जाना है।
22	जेवी	रोमेल्ट-सेल (इंडिया) लिमिटेड	-	-	-	बंद किया जाना है।
23	जेवी	नॉर्थ-ईस्ट स्टील एंड गेल्वनाइजिंग लिमिटेड	-	-	-	बंद किया जाना है।
1	सहयोगी	अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड	0.52	1.56	-	उत्तराखंड
1	सहायक	सेल जगदीशपुर पावर प्लांट लिमिटेड	-0.01	-	-	उत्तर प्रदेश/ बंद किया जाना है।
2	सहायक	एसएएल रिफ्रेक्ट्री कंपनी लिमिटेड	21.01	15.89	33.37	तमिलनाडु
3	सहायक	छत्तीसगढ़ मेगा स्टील लिमिटेड	-	-0.01	-	छत्तीसगढ़
4	सहायक	सेल सिंदरी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड	-0.01	-0.01	-0.01	झारखंड/ बंद किया जाना है।
5	सहायक	इस्को उज्जैन पाइप एंड फाउंड्री कंपनी लिमिटेड	-	-	-	मध्य प्रदेश /बंद किया जाना है।
	* वर्ष 2016-17 में जेवी कंपनी अस्तित्व में आई थी					

*****